समक्ष माननीय राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण, नई दिल्ली।

ओ.ए. संख्या 1256 **सन् 2024**

शस्यश्यामला संस्थान (GEO) **.....आवेदक**

बनाम

यूनियन ऑफ इण्डिया एवं अन्य **......प्रतिवादीगण**

APPLICATION FOR OF SUBMISSION PLAINT

श्रीमान् जी,

विन्रम निवेदन है कि मैं अमित कुमार उपरोक्त मामले में आवेदनकर्ता हूं, मैं माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष संस्थान के माध्यम से यह आवेदन प्रस्तुत कर रहा हूँ कि:-

1. यह कि उपरोक्त मामले में माननीय न्यायाधिकरण ने दिनांक 25.10.2024 को उपरोक्त मामले में मुझसे कुछ जानकारी प्रदान करने के लिए कहा था।

2. यह कि आवेदनकर्ता ने उपरोक्त मामले में संस्थान के माध्यम से माननीय न्यायाधिकरण का ध्यान राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27 और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 पर में स्टोन क्रेशरों से उड़ने वाली धूल, धुआं और तेज ध्वनि, हरित पट्टी आदि का मुद्दा उठाया गया है। जिसमें माननीय न्यायाधिकरण द्वारा पारित आदेश दिनांक 25.10.2024 को उक्त प्रकरण की जांच एवं कार्यवाही हेतु उपरोक्त राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27 और राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 के विशिष्ट खंड की जानकारी मांगी गई है। जो संस्थान द्वारा माननीय न्यायाधिकरण के समक्ष इस पत्र के जरिये प्रेषित की जा रही है।

3. यह कि मैं उस जानकारी को इस आवेदन में प्रदान कर रहा हूँ जो निम्नवत् हैं :-

   1. राजमार्ग संख्या 27 विशिष्ट खंड - उत्तर प्रदेश राज्य, जिला झांसी के ग्राम गोरामछिया से शुरु होने वाले उरई-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27 के कि.मी. 100 से उत्तर प्रदेश राज्य, जिला झांसी के ग्राम सिमरधा के कि.मी. 114 तक के संबंध में स्टोन क्रेशरों से उड़ने वाली धूल, धुआं और तेज ध्वनि, हरित पट्टी आदि का मुद्दा उठाया गया है।

2. **राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 विशिष्ट खंड -** उत्तर प्रदेश राज्य, जिला झांसी के ग्राम दिगारा से शुरु होने वाले झांसी-खजुराहो, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 के कि.मी. 0 से मध्य प्रदेश के जिला निवाड़ी, ग्राम भोजपुरा के कि.मी. 09 तक के संबंध में स्टोन क्रेशरों से उड़ने वाली धूल, धुआं और तेज ध्वनि, हरित पट्टी आदि का मुद्दा उठाया गया है।

3. यह कि मैं आवेदनकर्ता अनुरोध करता है कि माननीय न्यायाधिकरण मेरे इस आवेदन एवं आवेदन में अंकित जानकारी को स्वीकार करें और मामले की आगे की कार्यवाही के लिए निर्देश दिए जाएं।

अतः माननीय न्यायाधिकरण से विन्रम निवेदन/प्रार्थना है कि उपरोक्त मूल आवेदन 1256 सन् 2024 एवं उक्त पत्र में उल्लिखित तथ्यों/साक्ष्यों एवं परिस्थितियों का संज्ञान लेकर एवं पर्यावरण/न्याय हित में **उरई-झांसी राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 27 के कि.मी. 100 से कि.मी. 114** तक तथा **झांसी-खजुराहो, राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 39 के कि.मी. 0 से कि.मी. 09** तक के संबंध में स्टोन क्रेशरों से उड़ने वाली धूल, धुआं और तेज ध्वनि, हरित पट्टी आदि के मुद्दे पर शीघ्र आवश्यक एवं प्रभावी कार्यवाही तथा आदेश पारित करने का कष्ट करें।

दिनांक 07.02.2025

आवेदक

(अमित कुमार)
अध्यक्ष, शस्यश्यामला संस्थान (GEO)
पाल कालॅोनी, झांसी उ.प्र.- 284003
ईमेल: shasyashyamalag@gmail.com
मो. 9455665483